राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने पुष्प–गुच्छ देकर पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी का स्वागत किया

पटना, 20 जनवरी 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी को आज शाम राजभवन में पुष्प–गुच्छ देकर उनका हार्दिक अभिनन्दन और स्वागत किया। राज्यपाल ने श्री मुखर्जी को नव वर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए उनके सुदीर्घ स्वस्थ और यशस्वी जीवन की मंगलकामना की।

इसके पूर्व राजभवन पहुँचने पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह ने पूर्व राष्ट्रपति श्री मुखर्जी का स्वागत किया। बाद में राज्यपाल के साथ पूर्व राष्ट्रपति श्री मुखर्जी ने पटना विश्वविद्यालय के 'दीक्षांत समारोह' में भी भाग लिया।

ज्ञातव्य है कि पूर्व राष्ट्रपति श्री मुखर्जी का आज राजभवन, पटना में ही रात्रि– विश्राम है।

....